# कलक्टर ने रन फॉर विकसित राजस्थान को दिखाई हरी झंडी

■ बालकृष्ण स्टेडियम से पुरानी कलेक्ट्रेट तक निकला विकसित राजस्थान रन

**राजसमंद**, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को राजसमंद जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान-2०25 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ.साथ विकसित राजस्थान के संकल्प से जोडना रहा।

जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बालकृष्ण स्टेडियम परिसर से हरी झंडी दिखाकर दौड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, जिला खेल अधिकारी धर्म देव सिंह, पीएमओ डॉ. रमेश रजक आदि उपस्थित रहे। दौड शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई। इसमें प्रतिभागियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर जिला कलक्टर हसीजा ने कहा कि विद्यार्थियों सहित समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन अत्यंत आवश्यक है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाकर पूरे विश्व को भारत की प्राचीन स्वास्थ्य परंपरा से जोडा है।

इसी कडी में रन फ ॉर विकसित राजस्थान जैसा आयोजन युवाओं को फि टनेस और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी धर्मदेव सिंह ने बताया कि दौड में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस व हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड के वॉलंटियर्स, खेल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्मिकों एवं आमजन ने बढ.चढकर हिस्सा लिया।

## शराब ठेका कर्मचारियों पर हमला किया

**डूंगरपुर**। शहर के साबेला बाईपास मार्ग पर शनिवार शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई। नवाडेरा स्थित आबकारी विभाग के सरकारी शराब ठेके पर दो बाइकों पर सवार होकर आए 6 बदमाश युवकों ने ठेका कर्मचारियों से फ्री में शराब की मांग की। मना करने पर बदमाशों ने ठेका कर्मियों के साथ पथराव और मारपीट कर दी।

घटना शाम करीब 7 बजे की है। हमले में ठेका कर्मचारी घड़मला निवासी पुष्पेंद्र सिंह और काकरादरा निवासी पंकज पुत्र शंकर लाल आहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। पथराव के दौरान दोनों कर्मचारियों को सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन

**बांसवाड़ा** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बांसवाड़ा द्वारा रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जिला न्यायाधीश श्रीमान् राम सुरेश प्रसाद द्वारा फीता काट कर किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के अवसर पर प्राधिकरण अध्यक्ष श्री राम सुरेश प्रसाद द्वारा उपस्थित पक्षकारों एवं विभिन्न विभागों तथा बैंक प्रतिनिधियों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराते हुए कहा कि लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण का सबसे सरल व प्रभावी तरीका है जिसमें दोनों पक्षों की जीत होती है तथा मामला वहीं समाप्त हो जाता है जिससे पक्षकारों के धन व समय की बचत होती है तथा उनके मध्य आपसी सौहार्द भी बढ़ता है।

प्राधिकरण सचिव श्री कौशल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन में धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल (अशमनीय के अलावा) एवं अन्य (दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद) और न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध, अन्तर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एम.ए.सी.टी. मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिठाहण मामले, बिजली व पानी के बिल (अशमनीय के अलावा), राजस्व मामले, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामे से सौहार्दपूर्वक किया गया। जिले भर में प्री-लिटिगेशन व लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गया।सम्पूर्ण जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु 07 बैंचों का गठन

प्राधिकरण सचिव श्री कौशल सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिले भर में कुल 07 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिला मुख्यालय पर 03 बैंचों जिला एवं सेशन न्यायालय बांसवाड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बांसवाड़ा एवं अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसवाड़ा की बैंचों का गठन किया गया।

# 'महामना भिक्षु को मिली योग्य शिष्य संपदा'

**राजसमंद**, (निसं)। जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य अनुशास्ता आचार्यश्री भिक्षु की जन्मस्थली कंटालिया में आचार्यश्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष 'भिक्षु चेतना वर्ष' के महाचरण के आयोजन के तहत आचार्यश्री महाश्रमण की मंगल सन्निधि में विगत 7 दिनों से भव्य आयोजन चल रहा है। तेरापंथ धर्मसंघ के कार्यकर्ता राजकुमार दक ने बताया कि रविवार को प्रातः अहिंसा यात्रा प्रणेता आचार्य महाश्रमण के मंगल महामंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

साध्वी शरदयशा ने गीत का संगान किया। आज के निर्धारित विषय 'आचार्यश्री भिक्षु की शिष्य परंपरा' पर मुनि सिद्धकुमार ने अपनी विचाराभिव्यक्ति दी। महामना आचार्यश्री भिक्षु के परंपर पट्टधर, आचार्यश्री महाश्रमण ने चतुर्विध धर्मसंघ को पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि धर्म एक ऐसा कल्पवृक्ष है, जिसके माध्यम से क्या-क्या नहीं प्राप्त हो सकता है। राज्य की प्राप्ति, सुयोग्य पुत्र की प्राप्ति, रूप की प्राप्ति, विशेष ज्ञान, चातुर्य, गुणों का विकास, अच्छा विचार होना भी प्राप्त हो सकता है। अच्छे शिष्यों का प्राप्त होना भी भाग्य व धर्म का योग होता है। धर्म की प्रभावना होती है तो योग्य शिष्यों की प्राप्ति हो सकती है।

भिक्षु स्वामी शिष्य परंपरा भी बहुत अच्छी मिली थी। एक-दूसरों को सम्मान देना होता तो सम्मान भी प्राप्त होता है। आचार्यश्री भिक्षु स्वामी ने अपने सहवर्ती संतों को विशेष मान दिया तो उन संतों ने आचार्यश्री का बहुत मान किया। आज कितनी बड़ी शिष्य संपदा हो गई है। आचार्यश्री की शिष्य संपदा अच्छी होती है तो आचार्य को भी थोडी निश्चिंतता रह सकती है। आचार्यश्री भिक्षु स्वामी की शिष्य संपदा भी बहुत ही योग्य थी।

साधु-साध्वियों में ऐसा समर्पण हो कि बिना पूछे आचार्य को जहां भी भेजना हो, वहां उनको भेज देना और शिष्य में इतना समर्पण हो कि आचार्यश्री की किसी भी आज्ञा का पालन करने के विचार नहीं करना बहुत अच्छी बात हो सकती है। धर्मसंघ के सभी साधु-साध्वियों में योग्यता का विकास होता रहे, यह काम्य है।

## राजसमंद में होगी सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

**राजसमंद**। राजस्थान हॉकी एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल की अध्यक्षता में आम सभा की आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश में हॉकी के भविष्य और आगामी खेल आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम राजसमंद के पक्ष में रहा, जहां आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का बडा फैसला लिया गया। मिडिया प्रभारी सुरेश भाट ने बताया कि राजस्थान हॉकी एसोसिएशन की आम सभा में मौजूद पदाधिकारियों ने आगामी खेल कैलेंडर पर चर्चा की। इस दौरान राजसमंद हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहन कुमावत ने आगामी पुरुष वर्ग सीनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता को राजसमंद में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। खेल विकास और सुविधाओं को देखते हुए इस प्रस्ताव को आम सभा में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इस निर्णय के बाद जिले के खेल प्रेमियों और हॉकी खिलाडियों में खुशी की लहर दौड गई।

# कस्तूरबा गांधी छात्रावास व स्वास्थ्य केंद्रों की जांची व्यवस्थाएं

■ केंद्रीय निदेशक विक्रम केशरी प्रधान ने किया सज्जनगढ़ ब्लॉक का सघन निरीक्षण

■ आवास, भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। प्रधान ने छात्रावास की 40 छात्राओं से सीधा संवाद किया

**बांसवाड़ा** (निसं)। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के निदेशक और अकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभारी विक्रम केशरी प्रधान ने रविवार को सज्जनगढ़ ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया।

निदेशक प्रधान ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, अगोरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने आवास, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। प्रधान ने छात्रावास की 40 छात्राओं से सीधा संवाद किया और कहा कि नियमित शिक्षण के साथ सिलेबस का बार-बार रिवीजन ही सफलता का मूल मंत्र है।

उन्होंने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने, नियमित खेलकूद, योग-व्यायाम करने और स्वच्छता के प्रति सजग रहने का आ ान किया। अधिकांश छात्राओं द्वारा डॉक्टर बनने की इच्छा जताने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। निदेशक महोदय ने प्रत्येक छात्रा को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, विशेषकर एक्सेल और वर्ड सीखने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक ने जिले के एकमात्र राष्ट्रीय क्वालिटी स्टैंडर्ड सर्टिफाइड उप-स्वास्थ्य केंद्र, भूराकुआं और सीएचसी सज्जनगढ़ का निरीक्षण किया। भूराकुआं केंद्र पर दी जा रही 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं और नेशनल सर्टिफाइड मानकों के संधारण पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। प्रधान ने उप-स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले कार्यों की तारीफ की और स्वास्थ्य टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर खुशी जाहिर की एवं संबंधित अधिकारियों को छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्रों के अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टर और उपस्थिति रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्राओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए भविष्य में भी नियमित निरीक्षण किए जाएंगे

निरीक्षण के दौरान मुख्य आयोजना कार्यालय से महिपाल सिंह एवं एबीपी फेलो अनिल निनामा, तहसीलदार हरीश सोनी, विकास अधिकारी अजहर खान, सज्जनगढ, अति. विकास अधिकारी, जगन प्रसाद औझा, बीसीएमओ नीलेश सोनी, डॉक्टर नयन, डॉक्टर प्रताप लबाना ,सीएचओ राहुल यादव, एएनएम अनिता, सीडीपीओ हर्षित कुमार कलाल, बीपीएम राजीविका निलेश डांगर, सीबीईओ रूपजी बारिया, एसीबीईओ विनोद कुमार पटेल, प्रधानाचार्य विपुल जैन और छात्रावास वार्डन संसर डामोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**उदयपुर**, (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में श्रीमान ज्ञान प्रकाश गुप्ता जिला एवं सैशन न्यायाधीश (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) उदयपुर के निर्देशो के क्रम में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उदयपुर मुख्यालय के न्यायाधीशगण के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के समय उदयपुर मुख्यालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, बैंक बीमा के अधिकारीगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

एडी कुलदीप शर्मा ने बताया कि रविवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 5,45,281 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिसमें लगभग 60 करोड 9 लाख के अवार्ड पारित किये गए (समस्त न्यायालयो, अधिकरणों एवं आयोगो में लंबित 21,380 प्रकरण, प्रि-लिटिगेशन के 5,23,901 प्रकरण)। एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर प्रकरण का हमेशा के लिए निस्तारण हो जाता है। निस्तारित प्रकरण की अपील नहीं होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर पक्षकारों द्वारा दी गई कोर्ट फीस पुनः लोटा दी जाती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने से पक्षकारों में आपसी भाईचारे एवं सोहार्द की भावना बनी रहती है।राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के समय अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता राजस्व अधिकारी, एल.एन.टी फाईनेंस, रूपीटोल फाईनेंस, बजाज फाइनेंस, एस.के.फाइनेंस, उद्गम, फिनोवा, एच.डी.एफ.सी., हिरो, सुन्दरम, एच.डी.बी., बैंक ऑफ इंडियां सेक्टर 4, एस.बी.आई. आरबीओं प्रथम, बी.एस.एन.एल., इंडियन बैंक, आई.सी.आई.सी.आई., पंजाब नेशनल बैंक, आर.जी.बी., एस.बी.आई. कार्डस, बैंक ऑफ इण्डिया, कैनरा बैंक, चेतन्या माइको, स्वतंत्र माईक्रो फाइनेंस, युको बैंक, एस.आर.जी. हाउसिंग के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# शारीरिक शिक्षक ऑर्गेनाइजेशन की बैठक संपन्न हुई

**डूंगरपुर**, (निसं)। फिजिकल टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन राजस्थान की प्रदेश महासमिति की बैठक डाक बंगला जयपुर में संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि कर्मचारी महासंघ लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रकाश टाक ने कहा कि उनका महासंघ हमेशा संगठन के साथ था तथा शारीरिक शिक्षाको की मांगों को पूरा करवाने हेतु अति शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलेगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत उप शासन सचिव सतीश कुमार गर्ग ने कहा कि वे सदैव संगठन के सहयोग हेतु तैयार है ! बैठक का आरंभ में जिला अध्यक्ष जयपुर संतोष राठौड ने सभी का स्वागत किया तथा सभी पदाधिकारी का आपस में परिचय हुआ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धुमल भाटी ने बताया कि खुली सदन चर्चा में संगठन के मांग पत्र को संशोधित किया गया है तथा अति शीघ्र राज्य सरकार को मांग पत्र प्रेषित किया जाएगा संगठन के प्रदेश महामंत्री हनुमान प्रसाद सैनी जयपुर ने इस अवसर पर शारीरिक शिक्षकों से अपील की कि वे अपने विद्यालय में इच्छुक विषय के रूप में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा विषय शुरू करवाये ! प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुनील धाबाई अजमेर वह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण विजय कोटा ने प्रतियोगिता ऑनलाइन ड्यूटी मॉड्यूल की विसंगतियों को सदन में रखा तथा इसे स्थगित करने की मांग की बैठक में संगठन की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अलवर ने स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार शारीरिक शिक्षकों के पद सरजीत करने की बात बनी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान सहाय जयपुर ने सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा के पद अभी तक संजीत नहीं करने पर विरोध जताया।

प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद नईम लोदी बीकानेर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार डामोर डूंगरपुर कालूराम बिश्नोई जालौर ने भी विचार रखें ! संगठन की विज्ञिप्त में बताया गया है कि मांग पत्र में स्थानांतरण नीतू लागू करने उपनिदेशक खेलकूद के पद पर खेल विशेषज्ञों को लगाने खिलाड़ियों की सुविधा बढ़ाने प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय में उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा के पद सृजित करने ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा के पद सृजित करने आवासीय विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों का दूसरा पद देने स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार निश्चित संख्या में अधिक छात्र संख्या होने पर दूसरा पद शारीरिक शिक्षक का सृजित करने उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र नामांकन की शर्त को विलोपित करते हुए प्रत्येक विद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद देने शारीरिक शिक्षकों की नवीन भरती आरंभ करने सहित कई मांगे शामिल की गई इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कई जिलों में जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी की नियुक्तियां की घोषणा की बैठक में ओम भारती जैसलमेर रामेश्वर दयाल शर्मा भरतपुर हेमेंद्र माली डूंगरपुर वीरेंद्र सिंह राव डूंगरपुर शंकराराम डारा जालौर विजय सिंह अलवर कैलाश स्वामी टोंक आनंद स्वामी दिलीप सिंह रामकिशन डारा सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 'सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं'

**राजसमंद**, (निसं)। प्रदेश सरकार ने बीते दो वर्षो में सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। विकास रथ के माध्यम से सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और नई पहल की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी, जिससे आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। सरकार की योजनाएं किसान, महिला, युवा, गरीब और श्रमिक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं।

विकास रथ पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को योजनाओं से जोडने, जागरूकता बढाने और समस्याओं के समाधान का माध्यम बनेगा। सेवा पखवाडा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संकल्प का अभियान है। सभी कार्यकर्ताओं से आ ान किया गया कि वे विकास रथ के माध्यम से सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने 2 वर्षो में जो कहा वो सबूत के साथ कार्य को धरातल पर भी उतारा गया है । जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम ने राजसमन्द जिले के कोठारिया मंडल में आयोजित प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा पखवाडा के तहत ग्रामीणों से कही इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते दो वर्षो में गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य को केंद्र में रखकर अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आज विकास रथ के माध्यम से सरकार की योजनाएं गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचेगी और पात्र व्यक्ति तक सीधा लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो रहा है। नाथद्वारा विधानसभा में किए गए विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आमजन की अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है। ओर जो भी विकास के वादे जनता से किये गए वो धरातल पर दिखाई देने लग गए है।




# बैठक आयोजित

**डूंगरपुर**। अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि.)जिला डूंगरपुर द्वारा वागड क्षेत्र की ब्राह्मण प्रतिभाओं और पूरीहितों का सम्मान समारोह गुरुकुल कॉलेज में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबोला मठ के महंत शिवशंकर दास महाराज,मुख्य आतिथ्य कमिश्नर हितेश जी त्रिवेदी,मुख्य वक्ता सोमनाथ जी मिश्रा,विशिष्ट अतिथि श्री शरद जोशी,हेमंत पंड्या, दीपिका जोशी,श्री मोहन जी जोशी रहे।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की 75 प्रतिभाओं और 150 पुरोहितों का सम्मान स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र,और ऊपरना ओढ़ा कर सम्मान किया गया।जिलाध्यक्ष श्री धनेश्वर पंड्या ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक हरिप्रसाद दवे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# नाबालिग छात्रा को न्याय दिलाने की मांग

**डूंगरपुर**, (निसं)। सरदार पटेल सेना ने धम्बोला थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर कानून मंत्री जोगाराम पटेल से भेंट की। सरदार पटेल सेना ने मंत्री जोगाराम पटेल के जोधपुर निवास पर चर्चा की। सरकार और प्रशासन से इस मामले की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में कराने की अपील की है। उन्होंने एक महीने के भीतर सभी सबूतों के साथ कोर्ट में चालान पेश करने और तीन महीने के अंदर दोषी को कडी सजा दिलाने की मांग की है।

सरदार पटेल सेना के राष्ट्रीय संयोजक सुनील पटेल ने मंत्री पटेल से मांग करते हुए धम्बोला थाना क्षेत्र में एक अन्य समुदाय के युवक ने छात्रा को प्रताड़ित किया था। छात्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण छात्रा को अपनी जान गंवानी पड़ी। दोषियों के विरुद्ध बुलडोज़र कार्रवाई करने की मांग की। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने मामले की जानकारी लेकर उच्च स्तर के अधिकारियों से दूरभाष से बातचीत की। पटेल ने न्याय दिलाने की बात करते हुए कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

पटेल सेना के प्रदेश प्रचारक डायालाल पाटीदार ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सर्वसमाज एकजुट हुआ है। जोर दिया कि सरकार और प्रशासन ने उनकी मांगें मानी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मांग यह है कि बेटी को तीन महीने के भीतर न्याय मिले। उन्होंने पुलिस विभाग से मामले से जुड़े सभी फोरेंसिक और जांच सबूतों के साथ एक महीने में कोर्ट में चालान पेश करने और सरकार से सुनवाई कर तीन महीने में कडी सजा सुनाने की अपील की।

